<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 30.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए साझा करेंगे अपने विचार, मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी।
- केंद्र सरकार ने कहा है कि इस वर्ष जुलाई तक प्रति बूंद अधिक फसल योजना के अंतर्गत 115 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को लघु सिंचाई प्रणाली में लाया गया।
- राजधानी रांची में आज चार सेंटरों पर होगी नीट पीजी 2026 परीक्षा, केंद्रों के दो सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू।
- बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से राज्यभर में हो रही है बारिश, रांची, हजारीबाग, दुमका समेत पंद्रह जिलों में आज भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट।
- राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर खेलेगा भारत–जीतेगा भारत की थीम पर सिमडेगा, हजारीबाग, देवघर समेत कई जिलों में आयोजित की गई हॉकी प्रतियोगिता।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। 'मन की बात' का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी 'मन की बात' का प्रसारण करेगा।

*********************

केंद्र सरकार ने कहा है कि इस वर्ष जुलाई तक प्रति बूंद अधिक फसल योजना के अंतर्गत 115 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को लघु सिंचाई प्रणाली में लाया गया है। एक रिपोर्ट..

*********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना में मतदाता सूची के विशेष सत्यापन की मांग की है। पाकुड़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मरांडी ने संथाल में घुसपैठ का आरोप लगाया।

*********************

राजधानी रांची में आज विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से आदिवासी एकता महाजुटान रैली का आयोजन किया गया है। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुबह छह बजे से रात बारह बजे तक रांची में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

*********************

देश के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। केंद्र सरकार के जारी निर्देश के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को अलर्ट रहने और संक्रमण से निपटने के लिए अस्पतालों में कम से कम 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड चिन्हित करने का निर्देश दिया है।

*********************

नीट–पीजी 2026 की परीक्षा देशभर के साथ ही आज रांची के चार केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक एक पाली में होगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा सुबह 6 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल, पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारियों की तैनाती की है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत न केवल एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, बल्कि अपनी सभ्यतागत विरासत, संस्कृति और क्षमताओं में दृढ़ विश्वास रखने वाला राष्ट्र भी है। लखनऊ में एक कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि आज जब भारत बोलता है, तो दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हुआ है।

*********************

गंगा नदी में पाई जाने वाली गंगा डॉल्फिन के संरक्षण, सुरक्षा एवं वैज्ञानिक निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से साहिबगंज के चानन स्थित डॉल्फिन व्याख्या केंद्र में कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर नचिकेत केलकर ने डॉल्फिन संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

*********************

बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर के कारण राज्यभर में  बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान लातेहार में 61 और रांची में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, हजारीबाग, दुमका, देवघर, पूर्वी सिंहभूम समेत आसपास के पंद्रह जिलों में आज भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

दुमका जिले में अगस्त माह में कम बारिश होने से मयूराक्षी नदी पर बना दिगलपहाड़ी डैम अब तक पूरी तरह नहीं भर पाया है। जलस्तर कम रहने से धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि आगे बारिश नहीं हुई, तो सिंचाई के लिए डैम का पानी जरूरी होगा। प्रखंड के अन्य डैमों में भी पानी कम है।

*********************

राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" की थीम के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों में हॉकी और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सिमडेगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा तथा देवघर में हॉकी प्रतियोगिताएं, मैत्रीपूर्ण मुकाबले और अन्य कार्यक्रम हुए। हॉकी झारखंड ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और जमीनी स्तर पर हॉकी को मजबूत करना है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नेपाल में बाढ़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

दैनिक भास्कर ने नेपाल बाढ़ पर लिखा है—अलर्ट में एक घंटे की देरी, वरना सैकड़ों जानें बच जातीं।

दैनिक जागरण के शब्द हैं—अब जींदगी बचाने की जंग, नेपाल ने मांगी मदद, बचाव अभियान प्रभावित।

हिन्दुस्तान ने झारखंड में स्वाइन फ्लू को लेकर जारी अलर्ट की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने माध्यमिक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी पर झारखंड हाईकोर्ट के सीआइडी जांच के आदेश की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**********************